# गुरु नानक कॉलेज, धनबाद

## प्रिवेंशन ऑफ़ ड्रग एब्यूज कैंपेन

आज दिनांक 19 जून 2025, दिन बृहस्पतिवार को झारखंड सरकार के आदेशानुसार मादक पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता हेतु प्राचार्य डॉ रंजना दास के संरक्षण में गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के भूदा  कैंपस से एनएसएस इकाई एक एवं दो के द्वारा "प्रिवेंशन ऑफ़ ड्रग एब्यूज कैंपेन"  "**Prevention of drug abuse campaign**" चलाया गया। इस जागरूकता रैली का  मकसद मादक पदार्थों  के सेवन के दुष्परिणाम को छात्रों को समझाना एवं मादक पदार्थ के प्रति समाज में फैल रही भ्रांतियों को मिटाना था । छात्रों को संबोधित करते हुए भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन हमारे समाज को दीमक की तरह चाट कर खोखला बना रहा है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ किसी व्यक्ति को न सिर्फ मौत के मुंह में धकेलते हैं बल्कि पूरे परिवार को इसका दुष्परिणाम झेलना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि योग, खेलकूद,  सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राएं अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं और भविष्य निर्माण कर सकते हैं। एनएसएस इकाई एक के प्रोगाम ऑफीसर प्रो दलजीत सिंह ने मादक पदार्थों के दुष्परिणाम के प्रति छात्रों को अवेयर करते हुए उन्हें ईश्वर भक्ति में आनंद लेने की सलाह दी। उन्होंने छात्र छात्राओं से अपील की कि वे यह कसम लें कि वह कभी भी मादक पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे। इस जागरूकता रैली में कॉलेज के शिक्षक डॉ  मीना मालखंडी,प्रो संजय सिन्हा, डॉ वर्षा सिंह, प्रो पुष्पा तिवारी, प्रो उदय सिन्हा, प्रो पीयूष अग्रवाल , प्रो ममता प्रसाद, शिक्षकेत्तर कर्मी सुश्री नुशरत परवीन, श्री रणजीत मिश्रा, श्री नरेंद्र सिंह, श्री पंकज कुमार के साथ साथ एन एस एस स्वयंसेवक उपस्थित थे।


GURUNANAK COLLEGE, DHANBAD
PREVENTION OF DRUG ABUSE CAMPAIGN
Guru Nanak College, Dhanbad
Date : 19.06.2025
Time - 12:00 noon
Venue - College Campus, Bhuda Dhanbad


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
गुरु नानक कॉलेज, धनबाद
PREVENTION OF DRUG ABUSE CAMPAIGN
Guru Nanak College, Dhanbad
Date : 19.06.2025
Time - 12:00 noon
Venue - College Campus, Bhuda Dhanbad


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
PREVENTION OF DRUG ABUSE CAMPAIGN
Organised by
National Service Scheme, units-1 & 2 of
Guru Nanak College, Dhanbad
Date : 19.06.2025
Time - 12:00 noon
Venue - College Campus, Bhuda Dhanbad
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Qcjx+m5v, Rani Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 828124, India
Lat 23.78176° Long 86.447903°
19/06/25 12:13 PM GMT +05:30
Google


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
PREVENTION OF DRUG ABUSE CAMPAIGN
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 828124, India
Lat 23.782879° Long 86.448491°
19/06/25 12:06 PM GMT +05:30
Google

# NEWS CLIPING



जागरुकता रैली में शामिल गुरुनानक कॉलेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

## गुरुनानक कॉलेज के छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

**अभियान**

**धनबाद, मुख्य संवाददाता।** गुरुनानक कॉलेज धनबाद में गुरुवार को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति जागरुकता के लिए प्राचार्य डॉ रंजना दास के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जागरुकता रैली का उद्देश्य मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणाम को छात्रों को समझाना एवं मादक पदार्थ के प्रति समाज में फैल रही भ्रांतियों को मिटाना है।

भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. दीपक कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन हमारे समाज को दीमक की तरह चाट कर खोखला बना रहा है। नशीले पदार्थ किसी व्यक्ति को न सिर्फ मौत के मुंह में धकेलते हैं बल्कि पूरे परिवार को इसका दुष्परिणाम झेलना पड़ता है। योग, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राएं अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं और भविष्य निर्माण कर सकते हैं। एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. दलजीत सिंह ने मादक पदार्थों के दुष्परिणाम के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए उन्हें ईश्वर भक्ति में आनंद लेने की सलाह दी। कहा कि यह शपथ लें कि कभी भी मादक पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे। मौके पर डॉ मीना मालखंडी, प्रो. संजय सिन्हा, डॉ वर्षा सिंह, प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो. उदय सिन्हा, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. ममता प्रसाद, शिक्षकेतर कर्मी नुशरत परवीन, रणजीत मिश्रा, नरेंद्र सिंह, पंकज कुमार सक्रिय रहे।

HINDUSTAN

DATED :- 20-06-2025

## मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को कराया अवगत

- गुरु नानक कालेज में प्रिवेंशन आफ ड्रग एब्यूज कैंपेन
- एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

**जासं, धनबाद:** गुरु नानक कालेज में गुरुवार को प्राचार्य डा. रंजना दास के नेतृत्व में एनएसएस इकाई एक एवं दो ने प्रिवेंशन आफ ड्रग एब्यूज कैंपेन चलाया। प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. दीपक कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मादक पदार्थों का सेवन हमारे समाज को दीमक की तरह चाट कर खोखला बना रहा है।

मौके पर उन्होंने कहा कि योग, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों से छात्र-छात्राएं अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं और भविष्य निर्माण कर सकते हैं।

**जागरूकता रैली:** एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम अधिकारी प्रो. दलजीत सिंह ने मादक पदार्थों के दुष्परिणाम के प्रति छात्रों को अवेयर किया। जागरूकता रैली में डा.मीना मालखंडी, प्रो. संजय सिन्हा, डाक्टर वर्षा सिंह, प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो. उदय सिन्हा, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो ममता प्रसाद, शिक्षकेतर कर्मी नुशरत परवीन, रणजीत मिश्रा, नरेंद्र सिंह, पंकज कुमार के साथ साथ एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

DAINIK JAGRAN

DATED :- 20-06-2025

## रैली निकालकर युवाओं को मादक पदार्थों से दूर रहने का दिया संदेश



**धनबाद** | मादक पदार्थों के सेवन से होनेवाले नुकसान समझाने और इनसे दूर रहने की अपील के साथ गुरुवार को शहर के गुरु नानक कॉलेज में एनएसएस की ओर से प्रिवेंशन ऑफ ड्रग एब्यूज कैंपेन के दौरान जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य डॉ रंजना दास ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्परिणाम बताए। प्रो दीपक कुमार, प्रो दलजीत सिंह, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संजय सिन्हा, डॉ वर्षा सिंह, प्रो पुष्पा तिवारी, प्रो उदय सिन्हा, प्रो पीयूष, प्रो ममता ने भी युवाओं से अपनी सेहत का ख्याल रखने की अपील की।

DAINIK BHASKAR

DATED :- 20-06-2025



**सिटी बाइट्स**



## गुरुनानक कॉलेज में निकली नशामुक्ति जागरूकता रैली

**धनबाद.** मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ गुरुवार को गुरुनानक कॉलेज भूदा कैंपस में जागरूकता रैली निकाली गयी. कॉलेज की एनएसएस इकाई एक व दो ने प्राचार्य डॉ रंजना दास के संरक्षण में इसे संचालित किया. मौके पर प्रोफेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार व एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम अधिकारी प्रो दलजीत सिंह ने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया. रैली में शिक्षक डॉ मीना मालखंडी, प्रो संजय सिन्हा, डॉ वर्षा सिंह, प्रो पुष्पा तिवारी, प्रो उदय सिन्हा, प्रो पीयूष अग्रवाल, प्रो ममता प्रसाद आदि थे.

PRABHAT KHABAR

DATED :- 20-06-2025